



## खबर संक्षेप

### पोल्ट्री फार्म से मुर्गे तथा फीड बैग चोरी, केस दर्ज

**जींद।** गांव ऐंचरा खुर्द में बीती रात चोरों ने पोल्ट्री फार्म का ताला तोड़ कर 40 मुर्गे तथा फीड के बैगों को चोरी कर लिया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने पोल्ट्री फार्म मालिक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव ऐंचरा खुर्द निवासी निवासी जितेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका गांव ऐंचरा खुर्द में पोल्ट्री फार्म है। बीती रात चोरों ने पोल्ट्री फार्म के कमरे का ताला तोड़ कर 40 मुर्गे तथा चार फीड बैगों को चोरी कर लिया। चोरी की घटना का सुबह पता चला जब लेबर ने कमरे का ताला टूटा हुआ पाया और मुर्गों तथा फीड बैगों को गायब पाया।

### नेटबॉल चैंपियनशिप के लिए ट्रायल कल

**जींद।** नेटबॉल एसो जींद के महासचिव दीपक कौशिक ने बताया कि 5जी फास्ट 5 सीनियर हरियाणा स्टेट नेटबॉल चैंपियनशिप लड़के और लड़कियां 20 से 21 जून तक हरियाणा खेल विवि राई में की जा रही है। चैंपियनशिप में जींद की टीम दोनों वर्गों में भाग लेंगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जींद डिस्ट्रिक्ट ट्रायल का आयोजन 16 जून को शाम पांच बजे राजीव गांधी स्टेडियम नंदगढ़ में किया गया है।

### युवक पर सूए से हमला करने के आरोपी दबोचे

**कैथल।** बस अड्डा कैथल पर एक युवक पर सूए से हमला करके चोटे मारने के मामले सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत सिंह तथा थाना सिविल लाइन एसएचओ इंस्पेक्टर रमेश चंद्र की सयुंक्त टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 4 आरोपियों को काबू कर लिया है। आरोपियों में पाई निवासी अंकित उर्फ मोटा, कसान निवासी सुनील उर्फ शिल्ली, संडील जिला जींद निवासी रोबिन तथा देवबन निवासी सचिन शामिल है। पुलिस ने सभी आरोपियों की रविवार को बस स्टैंड पर परेड भी करवाई।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, अपहरण का केस

**जींद।** गांव शीलाखेड़ी से युवती के संदिग्ध हालत में गायब होने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शीलाखेड़ी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 12 जून को उसकी 17 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा। व्यक्ति ने आरोप लगाया कि किसी व्यक्ति ने उसकी बेटी का अपहरण किया हुआ है।

### नशीले पदार्थ के साथ आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मामले में चौकी भागल पुलिस प्रभारी एएसआई रघुबीर सिंह की अगुवाई में एएसआई जसपाल की टीम गश्त दौरान गुप्त सूचना मिली कि नवागांव पंजाब निवासी गुर्जेट सिंह बाइक पर नाजायज शराब बेचने का काम करता है तथा आज भी वह घग्गर नहर वाली सड़क के रास्ते गांव मगेड़ा की तरफ से भागल शराब लेकर आने वाला है। टीम ने नाकाबंदी शुरू की गई। कुछ समय बाद संदिग्ध बाइक पर आया टीम ने तत्परता दिखाते काबू कर लिया। पहचान गांव नवागांव पंजाब निवासी गुर्जेंट सिंह के रूप में हुई। तलाशी लेने पर बोतल में 2.25 लीटर नाजायज शराब तथा मादक पदार्थ 5.80 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

### दस किलो चुरापोस्त सहित आरोपी दबोचा

**कैथल।** चौकी महमदपुर प्रभारी एसआई राजबीर सिंह की टीम डेरा गोविंद नगर क्षेत्र में मौजूद थी। पुलिस को सूचना मिली कि फतेह माजरी पंजाब निवासी गुरतेज सिंह चुरा पोस्त बेचने का काम करता है। जो अभी बाइक पर सवार होकर भाखड़ा नहर पुल की पटरी से होते समाना पंजाब की तरफ जाएगा। नियमानुसार ली गई तलाशी दौरान आरोपी के कब्जे में प्लास्टिक कट्टे से 10 किलोग्राम चुरा पोस्त बरामद हुआ।

# गांव कौल में मेन बाजार के समीप जिप की भूमि पर बनेगा भव्य पार्क

## पुरानी पीएचसी की भूमि पर बनेंगे दो बड़े हॉल और दुकानें, ग्राम पंचायत की बढ़ेगी आय : कर्मबीर कौल

नरेश ढांडा ▶▶| ढांड

गांव कौल के मेन बाजार के समीप स्थित जिला परिषद की भूमि पर बनने वाले भव्य पार्क का शुभारंभ जिला परिषद कैथल के चेयरमैन कर्मबीर कौल ने रविवार को विधिवत नारियल फोड़कर और ग्रामीणों की उपस्थिति में किया। इस दौरान ग्रामीणों ने चेयरमैन का फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया और इस पहल का स्वागत करते हुए इसे गांव के सौंदर्यीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। चेयरमैन कर्मबीर कौल ने कहा कि उक्त भूमि के विकास और सौंदर्यीकरण की मांग ग्रामीण लंबे समय से कर रहे थे। ग्रामीणों की इसी मांग को ध्यान में रखते हुए जिला परिषद कैथल द्वारा लगभग 17 लाख रुपये की लागत से आधुनिक सुविधाओं से युक्त पार्क का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि पार्क की चारदीवारी आकर्षक डिजाइन एवं प्रेरणादायक संदेशों के साथ तैयार की जाएगी। इसके अलावा पार्क में हरी-भरी घास, बैठने की समुचित व्यवस्था, महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों के लिए सैर करने हेतु पगडंडी तथा विभिन्न प्रकार के छायादार एवं सजावटी पौधे लगाए जाएंगे, जिससे गांव की सुंदरता में और अधिक वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि पार्क के साथ लगती पुरानी पीएचसी की भूमि पर दो बड़े हाल भी बनाए जाएंगे, जिनका उपयोग सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों तथा बैठकों के लिए किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त आसपास की भूमि पर कुछ दुकानों का निर्माण भी प्रस्तावित है, जिससे ग्राम पंचायत को नियमित आय का स्रोत प्राप्त होगा और गांव के विकास कार्यों को गति मिलेगी। इस अवसर पर पूर्व सरपंच गुलाब सिंह, ईश्वर बट्टी, मास्टर प्रवीण कुमार, मास्टर पंकज, मास्टर धर्मबीर, अशोक कुमार, मनोहर लाल, मास्टर जसबीर, बबला रमेश कुमार संगरौली, राजेंद्र बागड़ी आदि उपस्थित रहे।


ढांड। जिला परिषद कैथल के चेयरमैन कर्मबीर कौल पार्क का शुभारंभ करते।

### साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखे

चेयरमैन कर्मबीर कौल ने ग्रामीणों से गांव को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के अभियान में सहयोग देने की अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने घर और आसपास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखे तथा घरेलू कूड़ा-कचरा ग्राम पंचायत द्वारा संचालित कूड़ा संग्रहण वाहन में ही डाले। वहां उपस्थित बहुत से ग्रामीणों ने चेयरमैन का गांव में अनेकों विकास कार्य करने के लिए आभार व्यक्त किया।

### गांव की वर्षों पुरानी मांग पूरी

वहीं सरपंच प्रतिनिधि नरेश आढ़ती ने इस परियोजना के लिए चेयरमैन कर्मबीर कौल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह गांव की वर्षों पुरानी मांग थी, जो अब पूरी होने जा रही है। उन्होंने कहा कि पार्क के निर्माण से ग्रामीणों को बेहतर वातावरण मिलेगा तथा बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों को घूमने-फिरने एवं समय बिताने के लिए एक सुंदर स्थान उपलब्ध होगा।

## आईटीआई में ऑनलाइन आवेदन का अंतिम दिन आज

# पोर्टल में आई तकनीकी खामी से विद्यार्थी परेशान

**राजकीय आइटीआई कैथल में अब तक करीब 900 सीटों के लिए तीन हजार से अधिक आवेदन**

## मेरिट सूची व फार्म में भरी च्वाइस के अनुसार ही सीट आवंटन होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

प्रदेश के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में दाखिले को लेकर आवेदन करने की अंतिम तिथि आज 15 जून को समाप्त हो जाएगी। ऑनलाइन आवेदन में राजकीय आईटीआई कैथल अब तक प्रदेश मे प्रथम स्थान पर चल रहा है। संस्थान में करीब 900 सीटों के लिए तीन हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। इससे स्पष्ट है कि इस बार कैथल के राजकीय आईटीआई में मेरिट सूची हाई रहेगी। बता दें कि विभाग की ओर से जारी शेडयूल अनुसार 2 जून से दाखिला के लिए आवेदन शुरू हुए थे। पहले फेज में 15 जून तक आवेदन होने हैं। इसके बाद से ही आईटीआई में युवाओं की भीड़ उमड़ रही है। आज ऑनलाइन आवेदन करने का अंतिम दिन है। विभागीय जानकारों का कहना है कि संस्थान में इस बार भी मेरिट सूची व फार्म में भरी गई च्वाइस के अनुसार ही सीट आवंटन होगा। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि पहली मेरिट सूची में करीब 30 से 40 प्रतिशत तक सीट आवंटित की जा सकती हैं। इस बार आईटीआई में दाखिले के लिए छात्र इसलिए भी आवेदन कर रहे हैं कि अग्निवीर योजना में जहां आईटीआई पास युवाओं को 5 नंबर की अतिरिक्त वेटेज दी जा रही है। इसके अलावा सेना, रेलवे में समय-समय पर भर्तियां निकाली जाती हैं, जिनमें आईटीआई कोर्स को प्राथमिकता दी जाती है। सीएससी सेंटर से ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों ने कहा विभाग के आनलाइन पोर्टल पर 14 जून तक भी कईं व्यवसायों में सीट नहीं दिखा रहा है। इस कारण वे पसंदीदा कोर्स में आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। विभाग को चाहिए की पोर्टल की खामी शीघ्रअति शीघ्र दूर करे ताकि वे आज अंतिम तिथि से पूर्व आनलाइन आवेदन कर सकें। बता दें कि अब तक आवेदनों में भले ही जिला स्तर पर राजकीय आईटीआई के लिए भरपूर आवेदन आए हों लेकिन खंड व ग्राम स्तर पर स्थापित आईटीआई के लिए अब तक कम ही आवेदन प्राप्त हुए हैं। कई स्थानों पर तक संस्थान में प्राप्त सीटों के समान आवेदन भी नहीं आए हैं। ऐसे में कयास लगाया जा रहा है कि विभाग आनलाइन आवेदन की तिथि में फिर से इजाफा कर सकता है।


कैथल। आईटीआई में फार्म भरने के लिए पहुंचे युवा। फोटो :हरिभूमि


जींद। आवेदन करते छात्र। फोटो :हरिभूमि

### आज समय से अपना आवेदन करें

आईटीआई के जिला नोडल अधिकारी सतीश मच्छाल ने बताया कि आज रविवार को आनलाइन आवेदन का समय समाप्त हो जाएगा। संस्थान आनलाइन आवेदन में प्रदेश में अव्वल स्थान पर रहा। इसके लिए संस्थान की टीम बधाई की पात्र है। जो विद्यार्थी अब तक आवेदन नहीं कर पाए हैं वे आज समय से अपना आवेदन करें ताकि उन्हें दाखिला मिल सके।

### यूजी कोर्स में दाखिले को लेकर आज अंतिम दिन

**जींद।** यूजी कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन को लेकर विद्यार्थियों के पास केवल एक दिन का समय बचा है। विद्यार्थी 15 जून तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। 22 जून तक कालेज कमेटी द्वारा दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। वहीं 24 जून को पात्र विद्यार्थियों की सूची जारी की जाएगी। इसके बाद 26 जून को पहली प्रोविजनल और 27 जून को फाइनल मेरिट लिस्ट जारी होगी। पहली मेरिट लिस्ट में स्थान पाने वाले विद्यार्थी 28 जून से लेकर एक जुलाई तक अपनी फीस जमा करवा सकेंगे। इसके बाद खाली सीटों के लिए दो जुलाई को दूसरी प्रोविजनल और तीन जुलाई को फाइनल मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। दूसरी मेरिट लिस्ट में स्थान पाने वाले विद्यार्थी चार से सात जुलाई तक अपनी फीस जमा करवा सकेंगे। इसके बाद भी अगर कालेजों में विभिन्न संकायों में सीट खाली रह जाती हैं तो नौ जुलाई से फिजिकल काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू होगी। 10 जुलाई को उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा दोबारा से पोर्टल खोला जाएगा। जिसमें विद्यार्थी नए आवेदन या पहले किए आवेदनों में दाखिले के लिए संकाय में बदलाव कर सकते हैं।


जींद बस अड्डा पर खड़ी बसें।

# जींद: रोडवेज फ्लाइंग टीम ने बिना टिकट यात्रियों पर कसा शिकंजा

- तीन महीने में बगैर टिकट यात्रियों पर पांच लाख से अधिक का लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

रोडवेज फ्लाइंग टीम ने बिना टिकट यात्रियों पर शिकंजा कसते हुए तीन माह में पांच लाख से अधिक रुपये का जुर्माना लगाया है। रोडवेज डिपो में पांच फ्लाइंग टीम हैंए जो रूट पर रास्ते में बसों की जांच के दौरान बिना टिकट यात्रियों को पकड़ती है। सफर के दौरान कई यात्री जानबूझकर टिकट नहीं लेते और कभी फोन में व्यस्त होने, परिचालक की आवाज नहीं सुनाई देने या नींद में होने का बहाना बनाते हैं। जो यात्री टिकट नहीं लेते उनके बहानों को दरकिनार करते हुए रोडवेज फ्लाइंग उन पर जुर्माना लगाया है। मार्च माह में 2794 बसों की जांच कर यात्रियों पर एक लाख 86 हजार रुपये जुर्माना लगाया। अप्रैल माह में 2904 बसों की जांच कर एक लाख 73 हजार रुपये जुर्माना लगाया था और मई माह में टीम ने 2627 बसों की जांच कर एक लाख 70 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। गौरतलब है किजींद डिपो में रोडवेज बसों की संख्या 165 है। जिसमें हर रोज लगभग 15 हजार यात्री सफर करते हैं। डिपो को हर रोज लगभग 10 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त होता है। यात्रियों की सुविधा के लिए सरकार द्वारा रोडवेज बसों में रियायती पास की सुविधा है। इसके अलावा हैप्पी कार्ड की भी सुविधा है, जिसमें पात्र यात्री एक साल तक एक हजार किलोमीटर तक निशुल्क सफर करते हैं। कई शरारती तत्व रोडवेज बसों में फ्लाइंग टीम की लोकेशन वाट्सअप ग्रुप के माध्यम से शेयर करते थे। हालांकि इस तरह के मामले अब कम हो गए हैं लेकिन कुछ यात्री अभी भी रुपये बचाने के चक्कर में टिकट नहीं लेते। बिना टिकट पाए जाने वाले यात्री पर औसतन 500 रुपये जुर्माना लगाया जाता है।

### टिकट लेकर यात्रा करें

जींद डिपो के महाप्रबंधक राहुल जैन ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए रोडवेज लगातार प्रयासरत है। यात्रियों की मांग अनुसार रोडवेज बसों का संचालन किया जा रहा है। बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर रोडवेज फ्लाइंग टीम की विशेष नजर है। यात्रियों को चाहिए कि वे टिकट लेकर ही यात्रा करें।


जींद। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करती वर्कर्स। फोटो :हरिभूमि

### मिड-डे मिल वर्कर्स ने लंबित मांगों पर किया मंथन

**जींद।** नेहरू पार्क में मिड ड .मिल वर्कर्स यूनियन की मीटिंग राज्य प्रधान इन्द्र सिह मलिक की अध्यक्षता में हुई। इसका संचालन प्रदेश उप प्रधान दलशेर व महासचिव रीना ने संयुक्त रूप से किया। इसमें मिड डे मिल वर्कर्स ने बढ़.चढ़ कर भाग लिया। इस मौके पर मिड डे मिल वर्करों की मांगों पर विचार विमर्श किया। राज्य प्रधान इन्द्र सिंह ने कहा कि मिड डे मिल वर्कर में हरियाणा के गरीब परिवारों से महिलाएं काम करती हैं। इसलिए सरकार को जल्द से जल्द उनकी मांगों को पूरा करना चाहिए। मिड डे मिल वर्करों का वेतन महंगाई को देखते हुए सात हजार से बढ़ाकर 15 हजार रुपये महीना किया जाए। मिड डे मिल वर्करों को 10 महीने की बजाए पूरे 12 महीने का वेतन दिया जाए। इसमें किसी प्रकार की कोई कटौती नहीं की जाए और मिड डे मिल वर्करों को छह हजार रुपये की बजाए हर महीने एक मुश्त किस्त में सात हजार रुपये दिए जाएं।

### दो दिन से लापता व्यक्ति का शव तालाब में मिला

**राजौंद।** वार्ड नंबर एक में दो दिन से लापता 34 वर्षीय व्यक्ति का शव जोहड़ में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। रविवार दोपहर शव मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई के लिए कैथल के सरकारी अस्पताल भिजवाया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान 34 वर्षीय जोगिंद्र के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि दो दिन पूर्व आए तूफान के दौरान वह घर से दूध लेने के लिए निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजन लगातार उसकी तलाश कर रहे थे। रविवार दोपहर दो बजे जोहड़ में शव होने की सूचना मिली थी।

# दोस्त की हत्या करने के आरोपित गिरफ्तार

- कहासुनी के चलते दोस्त की ईंट तथा डंडे मार कर हत्या करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अलेवा में व्यक्ति की हत्या उसके दो दोस्तों ने शराब पीने के दौरान गाली गलौज करने पर सिर पर ईंट तथा डंडा मार की थी। अलेवा पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर डयूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। जहां से आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। गांव अलेवा निवासी कुलदीप (40) का शव शनिवार को सुबह गांव के ही शिरड़ी मंदिर के पास पड़ा मिला था। जिसके सिर में गहरी चोट लगी हुई थी और आसपास खून बिखरा हुआ था। मौके पर एक ईंट भी खून में सनी पड़ी मिली थी। अलेवा थाना पुलिस ने मृतक के भाई मनदीप की शिकायत पर गांव के ही जोगेंद्र तथा दीपक के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। पुलिस छानबीन में सामने आया कि 12 जून देर शाम को गांव का ही दीपक मृतक कुलदीप को घर से बुला कर ले गया था। देर रात तक मृतक कुलदीप, आरोपित दीपक तथा जोगेंद्र ने शिरड़ी मंदिर के पास शराब पी थी। फिर किसी बात को लेकर कुलदीप की जोगेंद्र तथा दीपक से कहासुनी को गई। नौबत गाली गलौज तक जा पहुंची। दोनों आरोपितों ने कुलदीप के सिर पर पर ईंट तथा डंडों से हमला कर दिया। जिसमें कुलदीप की मौत हो गई। वारदात को अंजाम देकर दोनों फरार हो गए थे। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।


जींद। पुलिस गिरफ्त में दोनों आरोपित। फोटो :हरिभूमि

## तेरह किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चली गर्म हवाएं, आद्रता 38 प्रतिशत

# उमस भरी गर्मी ने लोगों को किया बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में रविवार को उमस भरी गर्मी ने लोगों को परेशान किया। रविवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 28 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि हवा की गति 13 किलोमीटर प्रतिघंटा व मौसम में आद्रता 38 प्रतिशत रही। आसमान में बीच-बीच में हल्के बादल छाने के बावजूद गर्मी और उमस का असर कम नहीं हुआ। दिन चढने के साथ ही लोगों को पसीने से तरबतर होना पड़ा। रविवार का दिन होने के चलते सड़कें सुनसान नजर आई। रविवार सुबह के समय मौसम सामान्य रहा लेकिन जैसे-जैसे दिन आगे बढ़ा तो उमस बढ़ती चली गई। दोपहर के समय सड़कों पर आवाजाही भी अपेक्षाकृत कम दिखाई दी। किसान विजेंद्र ने बताया कि मौसम में नमी बढने से खेतों में काम करना मुश्किल हो गया है। अब तो बारिश हो जाए तो बाजरा, ग्वार, मूंग, धान की बिजाई का कार्य शुरू हो जाएगा। अब दो-तीन लगातार हुई बारिश के बाद तेज धूप का नरमा की फसल पर असर पड़ेगा। इससे फसल को नुकसान होने की संभावना बनेगी। वर्तमान में वातावरण में नमी अधिक होने के कारण उमस बढ़ रही है। पश्चिमी विक्षोभ और मौसमी गतिविधियों के प्रभाव से अगले 24 घंटे के दौरान मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। बूंदाबांदी होने की स्थिति में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कुछ डिग्री की कमी आने की संभावना है। लोग भी अब बारिश का इंतजार कर रहे हैं ताकि गर्मी और उमस से राहत मिल सके।


जींद। सुनसान नजर आ रही हुडा मार्केट। फोटो :हरिभूमि

### आज बूंदाबांदी के आसार

मौसम विभाग ने भी आगामी दिनों में मौसम संबंधी अपडेट पर नजर बनाए रखने की सलाह दी है। गांव पांडू पिंडार कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि सोमवार को जिले में बादल छाने के साथ बूंदाबांदी हो सकती है। यदि मौसम में बदलाव होता है तो तापमान में भी गिरावट दर्ज होगी। मौसम विभाग ने लोगों को जल्द राहत मिलने की उम्मीद जताई है।


कैथल। गोदाम के अंदर आज भी भरा वर्षा का पानी और क्षतिग्रस्त सामान।

### तूफान से नुकसान को लेकर प्रशासन ने साधी चुप्पी

**कैथल।** कलायत। कलायत क्षेत्र में बरसात के साथ आए तेज तुफान से मची तबाही के घावों को भरने क लिए शासन-प्रशासन से उम्मीद की किरण प्रभावितों को है। प्राकृतिक आपदा से हुई इस बड़ी क्षति के बावजूद अभी तक धरातल पर कोई व्यापक प्रशासनिक संज्ञान दिखाई नहीं दे रहा। सरकार की नीति अनुसार अधिकारियों द्वारा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते हुए ग्राउंड रिपोर्ट तैयार करनी की थी। लेकिन ऐसा नहीं हो पाया है। इसके चलते जिनका नुकसान हुआ है वे अधिकारियों के दौरे की इंतजार कर रहे हैं। इस कड़ी में गांव बात्ता में नेशनल हाई-वे पर स्थित रिद्धि-सिद्धि ओवरसीज राइस मिल में हालात चिंताजनक बने हुए हैं। मिल के गोदामों में वर्षा का पानी अभी तक पूरी तरह नहीं निकल पाया है। जिससे चावल, बारदाना और मशीनरी को नुकसान पहुंचा है। मिल संचालक रवि प्रकाश ने बताया कि तेज आंधी के कारण गोदाम पर लगी लोहे की चादरों की छत उड़ गई। इसके बाद हुई बारिश का पानी सीधे गोदाम में भर गया।

## खबर संक्षेप

### बाल श्रमिकों को करवाया बाल मजदूरी से मुक्त

**जींद।** गैर सरकारी संगठन एमडीडी ऑफ इंडिया एवं मानव तस्कर विरोधी इकाई द्वारा विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के मौके पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान अब तक नौ बच्चों को बाल श्रम से मुक्त करवाया गया है। गत एक जून से आरम्भ हुआ यह विशेष अभियान 30 जून तक चलेगा।इस दौरान बाल श्रम के विरुद्ध विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किये जाएंगे। जिला समन्वयक नरेंद्र शर्मा ने बताया कि जींद शहर की विभिन्न मार्केटों में मानव तस्कर विरोधी इकाई के इंचार्ज संदीप के नेतृत्व में चलाए गए चार रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान कुल नौ बाल श्रमिक मुक्त करवाए गए।

### लोकोद्वार तीर्थ लोधर में विशाल मेला आज

**उचाना।** महर्षि लोमश तीर्थ सेवा समिति द्वारा 15 जून सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर लोकोद्वार तीर्थ गांव लोधर में विशाल धार्मिक एवं सांस्कृतिक मेले का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए धार्मिक कार्यक्रमों के साथ-साथ रागनी प्रतियोगिता, कुश्ती दंगल तथा भंडारे का आयोजन किया जाएगा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सोमवती अमावस्या के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु तीर्थ स्थल पर पहुंचकर पवित्र स्नान करेंगे।

### स्वास्थ्य मंत्री आवास पर प्रदर्शन पांच जुलाई को

**जींद।** एमपीएचई एसोसिएशन हरियाणा की राज्यस्तरीय जूम बैठक प्रदेश अध्यक्षा शर्मिला देवी की अध्यक्षता तथा महासचिव सहदेव आर्य सांगवान के संचालन में आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत बहुद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारियों की वर्षों से लंबित मांगों के समाधान हेतु आगामी पांच जुलाई को स्वास्थ्य मंत्री आवास पर प्रस्तावित विशाल प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए विस्तृत रणनीति तैयार की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी जिला एवं ब्लॉक इकाइयां 15 जून से सदस्यता एवं जनसंपर्क अभियान प्रारंभ करें।

### शहद का संरक्षित मूल्य 120 रुपये निर्धारित

**जींद।** डीसी डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि हरियाणा सरकार ने प्रदेश के मधुमक्खी पालकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा अहम कदम उठाया है। सरकार ने भावांतर भरपाई योजना के तहत शहद का संरक्षित मूल्य 120 रुपये प्रति किलोग्राम तय कर दिया है। इस कदम से न केवल शहद उत्पादकों को उनके उत्पाद का उचित भाव मिलेगा बल्कि उनकी आय में भी स्थिरता आएगी। डीसी ने कहा कि राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं हनी मिशन के माध्यम से भारत शहद निर्यात में अपनी वैश्विक पहचान बना रहा है।

### छात्रवृत्ति राशि जारी करने की प्रक्रिया शुरू

**जींद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) जींद ने हरियाणा सरकार द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों की वर्ष 2025-26 की छात्रवृत्ति राशि जारी करने की प्रक्रिया शुरू किए जाने का स्वागत किया है। परिषद ने इसे विद्यार्थियों के हित में लिया गया एक सकारात्मक और सराहनीय कदम बताया है। एबीवीपी का मानना है कि छात्रवृत्ति योजनाएं केवल आर्थिक सहायता का माध्यम नहीं हैं बल्कि समाज के आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्गों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से जोडऩे का एक प्रभावी साधन हैं।

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के आगमन को लेकर उत्साह

**उचाना।** उचाना मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने कहा कि भाजपा की प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद डा. अर्चना गुप्ता पहली बार 16 जून को जींद पहुंचेंगी। उनके स्वागत को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। डा. अर्चना गुप्ता का 16 जून को भाजपा कार्यालय जींद में कार्यकर्ता जोरदार स्वागत करेंगे। प्रदेशाध्यक्ष के प्रथम जींद आगमन को लेकर कार्यकर्ता विशेष रूप से उत्साहित हैं और बड़ी संख्या में कार्यक्रम में भाग लेंगे। भाजपा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने में डा. गुप्ता का नेतृत्व भूमिका निभाएगा।

## प्रधानमंत्री मोदी का 12 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर लगाया शिविर

# प्रत्येक व्यक्ति रक्तदान कर समाज में जिम्मेदारी का निर्वहन करे: अनुराधा

### जीवन युवा विकास समिति के प्रधान ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया

**शिविर में 45 लोगों ने रक्तदान किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर और विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष में युवा विकास समिति जींद द्वारा राज हॉस्पिटल रोहतक रोड पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में नगर परिषद जींद से चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी पहुंची। उन्होंने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जीवन युवा विकास समिति के प्रधान एवं सदस्यों द्वारा मुख्यअतिथियों का माला पहनाकर कर स्वागत किया। जबकि विशिष्ट अतिथि देवेंद्र दूहन पूर्व सरपंच बहबलपुर, सोहन सैनी हेड कांस्टेबल बीएसएफ, सुशील कुमार सैन, संजय कुमार सैन का स्वागत हॉस्पिटल के ब्लड बैंक संचालक अभिषेक मोर ने किया। शिविर के दौरान अनेक रक्तदाता रक्तदान के लिए पहुंचे। इस दौरान लगभग 45 युवाओं ने रक्तदान किया। डा. अनुराधा सैनी ने रक्तदाओं को बैज लगाकर उन्हें रक्तदान जैसे पुनीत कार्य करने के लिए बधाई दी। शिविर के दौरान स्वस्थ व सुरक्षित हमारा जींद शहर पर हुई परिचर्चा में मुख्य अतिथियों सहित अनेक वक्ताओं ने अपने विचार सांझा किए। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नही है। रक्त का कोई दूसरा स्त्रोत नही है, यह केवल मानव शरीर में ही बनता है। रक्त के अभाव में कई बार लोग अपनी जान गंवा देते हैं। इसलिए केवल रक्तदान के माध्यम से ही रक्त को संचित किया जा सकता है। इसलिए हमें समय-समय पर अपने आसपास लगने वक्त रक्तदान शिविरों में रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान शिविर में पहुंचे रक्तदाताओं को बधाई देते वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान करने से बड़ा कोई पुण्य नहीं है। आप सभी के द्वारा दिए गया रक्त जरूरत पड़ने पर अनेक लोगों की जान बचाने में अहम होगा। डा. अनुराधा सैनी ने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान एक ऐसा पुनीत सेवा कार्य है, जिसका कोई विकल्प नहीं है। क्योंकि रक्तदान द्वारा किसी को नवजीवन देकर जो आत्मिक सुख प्राप्त होता है, उसका न तो मूल्यांकन किया जा सकता है और न ही उसे शब्दों में व्यक्त किया जा सकता है अर्थात स्वैच्छिक रक्तदान महादान है। जरा सोचें आज किसी को आपके रक्त की आवश्यकता है, संयोग से कल आपको किसी और के रक्त की भी आवश्यकता पड़ सकती है। भ्रमवश ऐसा माना जाने लगा है कि रक्तदान करने से शरीर में स्थायी कमजोरी आ जाती है। किंतु ऐसा कुछ भी नही है। क्योंकि हमारा शरीर कुछ ही समय में आवश्यकतानुसार पोषक तत्वों से रक्त बना लेने में सक्षम होता है। रक्तदान एक महान मानवीय सेवा है। प्रत्येक व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान कर समाज में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्त की उपलब्धता से गंभीर रूप से बीमार मरीजों, प्रसवकालीन जटिलताओं से गुजर रही महिलाओं तथा दुर्घटना पीड़ितों का जीवन बचाया जा सकता है। शिविर के समापन पर रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को हॉस्पिटल की ओर से प्रशिस्त पत्रए स्मृति चिन्ह व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। डा. सरबजीत कौर ने कहा कि हॉस्पिटल की ओर से समय-समय पर रक्तदान शिविर के अलावा स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित किए जाते हैं।



जींद। रक्तदाताओं को सम्मानित करती नगर परिषद अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी।

### हर युवा को रक्तदान अवश्य करना चाहिए : राजेश



**जींद।** समाज सेवा का वास्तविक अर्थ केवल दूसरों की सहायता करना ही नही बल्कि जरूरत पडने पर किसी अनजान व्यक्ति के जीवन को बचाने के लिए आगे आना भी है। इसी सोच को अपने जीवन का उद्देश्य बनाकर जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ पिछले कई वर्षों से रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। अब तक 50 बार स्वैच्छिक रक्तदान कर चुके राजेश वशिष्ठ ने मानव सेवा की ऐसी मिसाल प्रस्तुत की है, जो समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है। राजेश वशिष्ठ का मानना है कि रक्तदान महादान है और यह ऐसा दान है जिससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन मिल सकता है। उनका कहना है कि रक्त नालियों में बहने के बजाय किसी जरूरतमंद के शरीर में प्रवाहित होकर उसकी जिंदगी बचाए, इससे बड़ा पुण्य कार्य कोई नहीं हो सकता। इसी विचारधारा के साथ उन्होंने युवावस्था से ही नियमित रक्तदान की शुरुआत की और आज वे जिले के प्रमुख स्वैच्छिक रक्तदाताओं में अपनी पहचान बना चुके हैं।रक्तदान के प्रति उनकी जागरूकता और समर्पण ने हजारों लोगों को इस अभियान से जोडने का कार्य किया है।



नरवाना। महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

# संकल्प के साथ जनसेवा करना जनहित की सच्ची साधना : बेदी

### कैबिनेट मंत्री के जन्मदिन पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा है कि संकल्प के साथ जनसेवा करना ही जनहित की सच्ची साधना है। समाज के गरीब, शोषित, पीड़ित एवं जरूरतमंद व्यक्ति की आशाओं पर खरा उतरना मानवता का परिचायक है और इसी पर फौकस कर प्रत्येक जनप्रतिनिधि को अपना दायित्व निभाना चाहिए। इलाका का चहूमुखी विकास उनकी प्राथमिकता है और उसी पर निरन्तर प्रतिबद्धता के साथ वे अपना कर्तव्य निभा रहे है। ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में सम्मान रूप से विकास हो इसके लिए सड़क, बिजली, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी आधारभूत सुविधाओं को विस्तार लगातार किया जा रहा है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी रविवार को स्थानीय वाल्मीकि आश्रम में आयोजित अपने जन्मदिन पर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कैबिनेट मंत्री के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में क्षेत्र के सामाजिक संगठनों, गणमान्य नागरिकों व पदाधिकारियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक पिरथी नम्बरदार, बलदेव वाल्मीकि, मार्केट कमेटी के चेयरमैन अमित ढाकल, रिछपाल शर्मा कैबिनेट मंत्री के सुपुत्र कर्ण प्रताप सिंह, नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि विशाल मिर्धा, मंडल अध्यक्ष दिनेश गोयल, सत्यवान शर्मा, कैबिनेट मंत्री के निजी सहायक फकीर चन्द, मीडिया प्रभारी संजय बल्हारा, जसबीर नैन सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# उचानाः महाशिव पुराण कथा का विधायक अत्री को दिया निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

श्री चित्रकूट धाम भागवत सेवा समिति उचाना मंडी के तत्वावधान में पांच अगस्त से 11 अगस्त तक भव्य महाशिव पुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा का आयोजन लाला प्रभु दयाल धर्मशाला में होगा। जिसमें प्रसिद्ध कथावाचक अरविंद शास्त्री श्रद्धालुओं को शिव महापुराण की अमृतमयी कथा का रसपान कराएंगे। कथा आयोजन को लेकर समिति के सदस्य कैलाश, कर्मबीर, सज्जन, निरंजन, सतपाल, सुनील, सुरेंद्र व सज्जन ने उचाना विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री से उनके आवास पर मुलाकात कर उन्हें कथा का निमंत्रण दिया। आयोजकों ने बताया कि समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष धार्मिक कथाओं का आयोजन कराया जाता है। जिसमें अरविंद शास्त्री कथावाचक के रूप में श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन करते हैं। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों के सफल संचालन में सामाजिक संगठनों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों का भरपूर सहयोग मिलता है। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में धार्मिक एवं आध्यात्मिक प्रवृत्तियों को बढ़ावा मिलता है तथा लोगों को भारतीय संस्कृति और संस्कारों से जुड़ने का अवसर प्राप्त होता है।



महाशिव पुराण कथा का विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री को निमंत्रण देते कथा आयोजक।

# स्वच्छता पर्यावरण का मुख्य हिस्साः नरेंद्र

### पार्क में श्रमदान से लोगों को स्वच्छता की आदत बनाए रखने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सामाजिक संस्था सोसाइटी फोर एडवांसमेंट ऑफ विलेज एंड अर्बन इंवायरमेंट सेव ने रविवार सुबह महात्मा गांधी पार्क में श्रमदान किया। संस्था के प्रधान नरेंद्र नाडा की अध्यक्षता में चलाया गया यह 469 वां अभियान था। पार्क में श्रमदान के माध्यम से लोगों को स्वच्छता की आदत बनाए रखने का संदेश देने का प्रयास किया। जब स्वच्छता रखने की आदत बन जाएगी तब हर आदमी जहां कहीं भी हो स्वच्छता रखेगा। हर प्रकार का कूड़ा डस्टबिन में ही डालेगा। जिस दिन हमने स्वच्छता की आदत अपना ली और डस्टबिन का प्रयोग करने लग गए और वह डस्टबिन नगर परिषद की गाड़ी को देंगे तो स्वच्छता अपने आप आएगी। संस्था सदस्यों ने पार्क में पड़े पॉलीथिन व अन्य कचरे को उठाते स्वच्छता की आदत बनाने का आग्रह कर संदेश दिया। इसीलिए सभी लोग डस्टबिन का प्रयोग करें और डस्टबिन नगर परिषद द्वारा निर्धारित जगह पर डाले या नगर परिषद की गाड़ी को दें। हर आदमी स्वच्छता मैं अपना योगदान दे तभी स्वच्छता संभव है। स्वच्छता पर्यावरण का मुख्य हिस्सा है। जब हम हर प्रकार का कूड़ा डस्टबिन में डालेंगे तो स्वच्छता रहेगी और हमारा पर्यावरण भी शुद्ध रहेगा हमारे समाज में बीमारियां कम होगी और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य उज्जवल होगा। सुल्तान सिंह आर्य, अजमेर सिंह चौहान, बलजीत सिंह रेढ़ू, बलबीर सिंह श्योकंद, रोहतास गुप्ता, बलबीर ईगराह, डा. राजेंद्र सिंह, अजीत सिंह, हरवीर सिंह और मनोज आदि मौजूद रहे।



जींद। पार्क में श्रमदान करते सेव संस्था सदस्य। फोटो :हरिभूमि



जींद। व्यापार मंडर के प्रधान बने अनिल अग्रवाल।

### अनिल व्यापार मंडल जींद के तीसरी बार प्रधान बने

**जींद।** व्यापार मंडल जींद के प्रधान पद के लिए विशेष बैठक का आयोजन निजी होटल में किया गया। इस बैठक में सर्वसम्मति से अनिल अग्रवाल को व्यापार मंडल जींद का तीसरी बार प्रधान चुना गया। प्रधान अनिल अग्रवाल ने कहा कि उन पर जो जिम्मेवारी सौंपी गई है, उस पर वो खरा उतरने का काम करेंगे। इस मौके पर ओमप्रकाश भारद्वाज संरक्षक सर्राफा एसोसिएशन, अशोक कुमार गुलाटी प्रधान रिटेल क्लाथ मर्चेंट एसोसिएशन, रिषभ जैन प्रधान डिस्ट्रीब्यूटर यूनियन, राजू लखीना प्रधान मेन बाजार एसोसिएशन, राजेश मक्कड़ प्रधान सैनी मार्केट, श्याम सुंदर गोयल प्रधान हलवाई यूनियन, अनिल मंगला प्रधान मेन बाजार व्यापार मंडल, मनोज अरोड़ा महासचिव व्यापार मंडल जींद, सुनील वशिष्ठ प्रेस प्रवक्ता व्यापार मंडल जींद, राकेश तायल प्रधान गांधी गली एसो, सतीश भारद्वाज प्रधान. सर्राफा एसो, अशोक मनोचा प्रधान भाईचारा एसो, राजकुमार गर्ग प्रधान इलैक्ट्रिक एसो, शिवचरण मोयल प्रधान पालिका बाजार व्यापार एसो, आनंद कुमार जैन प्रधान इलेक्ट्रॉनिक्स यूनियन, बलराज गर्ग प्रधान होलसेल शू यूनियन, कृष्ण लखीना प्रधान तांगा चौक व्यापार संगठन, मोहित गुम्बर प्रधान सब्जी मंडी, हरमीत सिंह, सोनू सरदार, सुरेश सैनी, विजय बंसल सहित अनेक व्यापार यूनियनों के प्रधान मौजूद रहे।

# रेलवे स्टेशन पर नुक्कड़ नाटक से नागरिकों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे विशेष जन जागरूकता अभियान के तहत नगर परिषद जींद द्वारा शहर में स्वच्छता और कचरा प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान जिला नगर आयुक्त अनिल कुमार दून के दिशा निर्देशन में संचालित किया जा रहा है। जिला नगर आयुक्त अनिल कुमार दून ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना, घर-घर कचरे के पृथक्करण की आदत विकसित करना, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों की जानकारी देना तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए प्रेरित करना है। अभियान के तहत रविवार को सुबह मुख्य जींद रेलवे स्टेशन परिसर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कलाकारों ने अपनी प्रभावशाली और मनोरंजक प्रस्तुतियों के माध्यम से यात्रियों एवं आम नागरिकों को स्वच्छता का महत्व समझाया। नाटक के जरिये गीले और सूखे कचरे को अलग.अलग रखनेए सार्वजनिक स्थानों को साफ.-सुथरा बनाए रखने तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। जिला नगर आयुक्त अनिल कुमार दून ने नागरिकों से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करने तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण के निर्माण में अपना योगदान देने का आह्वान किया।





ठंडे मीठे पानी की छबील का शुभारंभ करते सुरेंद्र खरकभूरा, अनिल शर्मा एवं प्रवीण गर्ग।

### नरवाना बाइपास पर लगाई ठंडे मीठे पानी की छबील

**उचाना।** नरवाना बाइपास पर रविवार को ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई। छबील का शुभारंभ मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा, ब्राह्मण चौबीसी प्रधान अनिल शर्माए भाजपा नेता दीपक बुडायन तथा मार्केट कमेटी वाइस चेयरमैन प्रवीण गर्ग ने संयुक्त रूप से किया। भीषण गर्मी के बीच बड़ी संख्या में राहगीरों और वाहन चालकों ने रुककर ठंडा मीठा पानी पीकर अपनी प्यास बुझाई। चेयरमैन सुरेंद्र ने कहा कि समाज सेवा का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है। गर्मी के मौसम को देखते अधिक से अधिक स्थानों पर ठंडे मीठे पानी की छबीलें लगाई जानी चाहिए ताकि लोगों को राहत मिल सके। कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सेवा कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। प्रधान अनिल शर्मा ने कहा कि लगातार बढ़ते तापमान को देखते सक्षम लोगों को छबील लगाकर जनसेवा करनी चाहिए। कहा कि जल है तो कल है और जल संरक्षण का संदेश भी समाज तक पहुंचाना जरूरी है। छबीलें राहगीरों और वाहन चालकों की प्यास बुझाने के साथ-साथ मानवता और सेवा की भावना को भी मजबूत करती हैं। विकास वशिष्ठ, भीष्म अत्री, आशु, मांगेराम शर्मा, भूपेंद्र, प्रदीप आदि मौजूद रहे।

## हरियाणा पेरेंट्स एप पर लरन विद फन मॉड्यूल उपलब्ध

# ग्रीष्मकालीन अवकाश में भी सीखने की निरंतरता बनाए रख रहा है निपुण हरियाणा पेरेंट्स एप : राजेश वशिष्ठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा शिक्षा विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान विद्यार्थियों की सीखने की प्रक्रिया को निरंतर बनाए रखने के उद्देश्य से अनेक नवाचार किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कक्षा दूसरी और कक्षा तीसरी के विद्यार्थियों के लिए निपुण हरियाणा पेरेंट्स एप पर लरन विद फन मॉड्यूल उपलब्ध करवाया गया है, जो समर पैकेट का एक महत्वपूर्ण भाग है। इस मॉड्यूल के माध्यम से बच्चे खेल-खेल में सीखने की गतिविधियों से जुड़ कर अपनी भाषा, गणित तथा तार्किक क्षमता का विकास कर रहे हैं। जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने बताया कि नई शिक्षा नीति और निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत बच्चों को रटने की बजाय अनुभवात्मक व गतिविधि आधारित शिक्षण से जोडऩे पर विशेष बल दिया जा रहा है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते विभाग द्वारा निपुण हरियाणा पेरेंट्स एप विकसित किया गया है ताकि अभिभावक भी अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति से सीधे जुड़ सकें और घर पर बच्चों के सीखने में सहयोग कर सकें।उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा राज्य स्तर तथा जिला स्तर से पत्र जारी कर सभी विद्यालयों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अभिभावकों को निपुण हरियाणा पेरेंट्स एप डाउनलोड करवाने के लिए प्रेरित करें। इस एप के माध्यम से अभिभावक अपने बच्चों की सीखने संबंधी गतिविधियों, गृहकार्य, उपलब्धियों तथा प्रगति रिपोर्ट की जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। इससे विद्यालय, शिक्षक, अभिभावक और विद्यार्थी के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो रहा है। राजेश वशिष्ठ ने कहा कि वर्तमान समय में तकनीक शिक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम बन चुकी है। यदि तकनीक का सही उपयोग किया जाए तो बच्चों के सीखने की प्रक्रिया अधिक प्रभावी और रोचक बनाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बच्चों को केवल पुस्तक आधारित कार्यों तक सीमित नहीं रखा गया है बल्कि समर पैकेट में ऐसी गतिविधियां शामिल की गई हैं।



जींद। गतिविधि में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि




जींद। जन्मदिन पर रक्तदान करते वीरेंद्र। फोटो :हरिभूमि

### जन्मदिन पर रक्तदान कर युवाओं को प्रेरित किया

**जींद।** नालंदा कंप्यूटर एंड वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर के संचालक वीरेन्द्र दहिया ने अपने जन्मदिन पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवाओं एवं समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया और मानव सेवा के इस पुनीत कार्य में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम के दौरान वीरेंद्र दहिया ने कहा कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन प्रदान कर सकता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनें तथा समय-समय पर स्वैच्छिक रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि आज का युवा देश का भविष्य है और यदि युवा वर्ग सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़े तो समाज में अनेक सकारात्मक परिवर्तन संभव हैं। नशामुक्त और स्वस्थ युवा ही एक मजबूत और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### ज्ञानदीप स्कूल में समर प्रेरणा कैंप

**राजौंद।** रोहेड़ा रोड स्थित ज्ञानदीप वमावि, राजौंद एक बार फिर शिक्षा और सर्वांगीण विकास के क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका को सिद्ध कर रहा है। हरियाणा शिक्षा बोर्ड के उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों के साथ-साथ छात्रों के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में अग्रसर यह संस्थान इन दिनों ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान आयोजित 'समर प्रेरणा कैंप' से बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने का कार्य कर रहा है।

### पीएम विश्वकर्मा योजना से हुनर को मिल रही पहचान

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने कहा कि शिल्पकार व कारीगर समाज के नवनिर्माण में अपना बहुमूल्य सहयोग देते हैं। शिल्पकारों व कारीगरों के हुनर को सम्मान देते हुए केंद्र सरकार की ओर से पीएम विश्वकर्मा योजना चलाई जा रही है, जिससे उनके हुनर को पहचान मिल रही है।डीसी अपराजिता ने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना भारत की पारंपरिक कला और शिल्पकला को जीवित रखने और देश के कारीगरों और शिल्पकारों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने में सहायक है।

### निःशुल्क कैंप में सैकड़ों मरीजों ने उठाया लाभ

**कैथल।** पंजाबी वेलफेयर सभा कैथल द्वारा समाज सेवा के तहत अमर शहीद मदन लाल ढींगड़ा स्मारक, पार्क रोड पर आयोजित विशाल निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इसमें सैकड़ों मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। सभा के प्रधान सुषम कपूर ने बताया कि शिविर में योग्य चिकित्सकों द्वारा मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया गया और होम्योपैथिक दवाएं भी पूर्णतः निःशुल्क वितरित की गईं।

### सरकार पिछड़ा वर्ग के साथ कर रही साजिश

**कैथल।** इंडियन नेशनल लोक दल के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने केंद्र सरकार द्वारा हरियाणा में जारी की गई जनगणना अधिसूचना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार पिछड़े वर्ग के साथ जानबूझकर भेदभाव कर रही है। जनगणना फॉर्म के पॉइंट नंबर 12 में साफ-साफ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति का उल्लेख किया गया है, लेकिन पिछड़ा वर्ग ओबीसी को पूरी तरह गायब कर दिया गया है।

### पुलिस ने की फरार चल रहे आरोपी की पहचान

**कैथल।** पुलिस और बदमाशों के बीच शनिवार सुबह हुई मुठभेड़ के बाद फरार चल रहे चौथे आरोपी की तलाश में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस ने आरोपी की पहचान कर ली है, लेकिन वह अभी गिरफ्तारी से बाहर है। स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट (एसडीयू) समेत कई टीमें उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। पुलिस का दावा है कि फरार आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर

### विश्व रक्तदाता दिवस पर जेल में लगाया शिविर

**कैथल।** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में जिला जेल कैथल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर माननीय महानिदेशक कारागार, हरियाणा के निर्देशानुसार तथा सिविल सर्जन कैथल एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी कैथल के सहयोग से आयोजित किया गया।

## योग से स्वयं को इतना मजबूत बनाएं कि हम बीमार ही न हों: डॉ. यश

# सेक्टर 20 हुडा पार्क में मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस : रामचरण

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

सेक्टर 20 हुडा पार्क में चल रहे सह-योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर व सर्व निदान योग शिविर के 13वें दिन का शुभारंभ डॉ यश मित्तल व उनकी पत्नी डॉ अनुरिमा मित्तल द्वारा दीप जलाकर किया गया। शिविर का शुभारंभ गायत्री मंत्र द्वारा किया गया। युवा भारत जिला प्रभारी अनिल गुप्ता व शहरी प्रभारी राणा अनिल आर्य ने सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण पैकेज में 12 आसन 12 सूक्ष्म व्यायाम एवं आठ प्राणायाम का पूरा विधि पूर्ण तरीके से अभ्यास करवाया। अनिल गुप्ता ने बताया कि भस्त्रिका प्राणायाम करने से भरपूर प्राण वायु ऑक्सीजन फेफड़ों में जाती है जिससे हमारा स्वास्थ्य अच्छा रहता है खांसी नजला जुकाम साइनस सब रोग ठीक हो जाते हैं हमारा श्वसन तंत्र और नाड़ी तंत्र मजबूत हो जाता है।

**डॉ. यश मित्तल दंपति ने किया दीप प्रज्ज्वलित**

मुख्य अतिथि डॉ यश मित्तल ने कहा कि योग से अपने आप को इतना मजबूत बनाएं कि हम बीमारी ही न हो। हमारे एलोपैथी तो इमरजेंसी के लिए है और दूसरा एलोपैथी में आपका पैसा लगता है और योग पैथी जीरो बजट का कार्य है और निशुल्क है। इसे हमें अवश्य अपनाना चाहिए। भारत स्वाभिमान पतंजलि योग समिति व खाटू श्याम सालासर सेवा समिति को वे बधाई देते हैं।





कैथल। डॉ. यश मित्तल दंपति दीप प्रज्ज्वलित करते तथा योगासन करते साधक।

### योग करने से प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी

डॉ अनुरिमा मित्तल ने कहा कि योग करने से हमारी प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती है। हमारा शरीर मजबूत हो जाता है इससे रोग हमारे नजदीक नहीं आएंगे। उन्होंने कहा कि यह योग की क्रांति देश भर में ऐसी चलती रहे। उन्होंने कहा कि डॉक्टरस ने भी माना है योग से रोग भगाना है। भारत स्वाभिमान प्रभारी व शिविर संयोजक रामचरण ने कहा कि योग से जीवन व जगत से संबंध समस्याओं और विषमताओं पर नियंत्रण व विजय प्राप्त की जा सकती है। योग विज्ञान सम्मत जीवन शैली का नाम है जिससे व्यक्ति का संपूर्ण व्यक्तित्व सकारात्मक रूप से प्रभावित होता है। इससे व्यक्ति न केवल आधी व्याधि व उपाधि से मुक्त होता है अपितु समाधि की प्राप्ति भी कर लेता है। खाटू श्याम सालासर समिति के प्रधान मनोज सिंगला ने आए हुए मेहमानों का स्वागत किया तथा बताया कि 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हवन यज्ञ किया जाएगा और भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

### भव्य योग मैराथन आज

- सर छोटू राम इंडोर स्टेडियम से शुरू होगी मैराथन

**सीवन।** 12वें विश्व योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन, आयुष विभाग तथा खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 15 जून को प्रातः 6 बजे सर छोटू राम इंडोर स्टेडियम अम्बाला रोड कैथल से भव्य योग मैराथन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व विधायक लीला राम मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे और मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह जानकारी देते हुए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सुरेश राविश ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत आयोजित की जा रही इस योग मैराथन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष योग दिवस की गतिविधियां स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग एवं योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा विषय पर केंद्रित हैं। उन्होंने बताया कि योग मैराथन का उद्देश्य लोगों को नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित करना, बुजुर्गों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने का संदेश देना है। योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक और भावनात्मक संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# डॉ. अर्चना गुप्ता का स्वागत समारोह आज, तैयारियां पूरी



कैथल। वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुज्जर तथा जिला मीडिया प्रभारी हिमांशु गोयल जानकारी देते हुए।

- कार्यकर्ताओं में प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत को लेकर भारी उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

भारतीय जनता पार्टी हरियाणा की नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के सम्मान में भाजपा जिला कैथल द्वारा 15 जून को प्रातः 9 बजे वृंदावन गार्डन, ढांड रोड, कैथल में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा कैथल जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी करेंगी। वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुज्जर ने कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता को हरियाणा भाजपा की कमान मिलना संगठन के लिए गौरव का विषय है। उनके नेतृत्व में पार्टी प्रदेश में और अधिक मजबूती के साथ कार्य करेगी तथा संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि कैथल भाजपा कार्यकर्ताओं में प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत को लेकर भारी उत्साह है और कार्यकर्ता ऐतिहासिक स्वागत की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

अशोक गुज्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण किए हैं। इन वर्षों में भारत ने विकास, आधारभूत संरचना, डिजिटल क्रांति, महिला सशक्तिकरण, किसान कल्याण और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। "12 साल बेमिसाल" की उपलब्धियां देश को आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प की ओर तेजी से आगे बढ़ा रही हैं।

### समारोह को सफल बनाएं

जिला मीडिया प्रभारी हिमांशु गोयल ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता का कैथल आगमन जिले के कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायक अवसर है। उनका स्वागत समारोह संगठनात्मक ऊर्जा और कार्यकर्ताओं के उत्साह का प्रतीक बनेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। अशोक गुज्जर ने भाजपा पदाधिकारियों, मोर्चा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं तथा जिले के नागरिकों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वागत समारोह को सफल बनाएं तथा प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत करें।

# चोर गिरोह से किसान परेशान

- एक वर्ष में चार बार सिंचाई संसाधनों को चुराते लाखों का नुकसान कर चुके शातिर चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭कलायत

कलायत उपमंडल मुख्यालय के सामने के नजदीक किसान प्रदीप राणा के खेत में चोर गिरोह एक वर्ष से चोरी की घटनाओं को अंजाम देने का सिलसिला चलाए है। इस समय अवधि में चार बड़ी चोरियां हो चुकी हैं। इससे उन्हें लाखों का नुकसान उठाना पड़ा है और सिंचाई पानी के संसाधन जुटा पाना मुश्किल हो चला है। किसान के भाई एवं भाजपा किसान मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष संजीव राणा ने बताया कि करीब एक वर्ष में उनके खेत में चार चोरी की बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं। शुक्रवार रात चोरों ने खेत में लाखों की लागत से लगाए गए सिंचाई बोर की विद्युत वायर को चोरी कर लिया गया। इस चोरी से सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है और किसान को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ खेती संबंधी परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है।



कलायत। उप मंडल मुख्यालय भवन के सामने बोर की चोरों द्वारा काटकर चुराई गई तार। फोटो : हरिभूमि

### कार्रवाई का आश्वासन

कलायत डीएसपी रोहताश कुमार ने बताया कि कानून व्यवस्था एवं चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस प्रशासन सजग है। व्यवस्था की मजबूती के लिए जिला कैथल के कलायत में पहला उप मंडल स्तरीय सीआइए थाना स्थापित करने का निर्णय एसपी द्वारा लिया गया है। उन्होंने किसान निराश न होने की बजाए चोरों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही के लिए आगे आने की अपील की। इस संबंध में स्थानीय थाना से घटनाओं के संबंध में पूरा विवरण लिया जाएगा। कार्यवाही में चूक करने वाले कर्मियों के खिलाफ कार्यवाही होगी।

# हर नागरिक को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाना लक्ष्य

- सांसद नवीन जिन्दल की ओर से जिले के सार्वजनिक स्थलों पर लगाए जा रहे हैं वाटर कूलर

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

सांसद नवीन जिन्दल के जनसेवा संकल्प को आगे बढ़ाते हुए कैथल जिले के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर आमजन की सुविधा के लिए वाटर कूलर लगवाए जा रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य क्षेत्रवासियों को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराना तथा गर्मी के दौरान लोगों को राहत प्रदान करना है। सांसद नवीन जिन्दल द्वारा अपने निजी कोष से चारों विधानसभा क्षेत्र गुहला, कैथल, कलायत और पूंडरी के प्रमुख बस स्टैंडों, चौक एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर वाटर कूलर लगाए जा रहे हैं। इन स्थानों पर प्रतिदिन हजारों यात्री, विद्यार्थी, किसान, मजदूर, दुकानदार एवं आम नागरिक आवागमन करते हैं, जिन्हें अब स्वच्छ पेयजल की बेहतर सुविधा मिल सकेगी। सांसद नवीन जिन्दल के कैथल कार्यालय प्रभारी रविन्द्र धीमान ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए सार्वजनिक स्थलों पर इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करना समाज एवं जनस्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल लोगों को गर्मी से राहत प्रदान करेगी, बल्कि स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराकर जनस्वास्थ्य को भी सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



कैथल। सांसद नवीन जिन्दल के कैथल कार्यालय प्रभारी रविन्द्र धीमान वाटर कूलर स्थापित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### वाटर कूलर लगाया

सांसद नवीन जिन्दल की इसी सोच के अनुरूप कैथल बस स्टैंड, सीडब्ल्यूसी कार्यालय के निकट, राजौंद के महाराणा प्रताप चौक, कलायत बस स्टैंड के नजदीक, फतेहपुर (पूंडरी) बस स्टैंड तथा ढांड के पंचमुखी चौक, गुहला के गांव चाबा में गुरुद्वारा साहिब और कवारतन में बस स्टैंड सहित अन्य स्थानों पर वाटर कूलर लगाए जा रहे हैं।

# सद्कर्म जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है : बिहारी दास

हरिभूमि न्यूज ⏭सीवन

प्रसिद्ध संत महंत अवध बिहारी दास ने कहा कि मनुष्य को अपने कर्मों का फल अवश्य मिलता है। यदि आज नहीं तो कल, लेकिन ईश्वर की न्याय व्यवस्था में प्रत्येक कर्म का हिसाब निश्चित रूप से होता है। इसलिए व्यक्ति को सदैव सत्य, सेवा और सदाचार के मार्ग पर चलना चाहिए। एक धार्मिक चर्चा के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए महंत अवध बिहारी दास ने कहा कि वर्तमान समय में मनुष्य भौतिक सुख-सुविधाओं के पीछे भागते हुए नैतिक मूल्यों को भूलता जा रहा है। जबकि वास्तविक सुख धन-दौलत में नहीं, बल्कि अच्छे कर्मों और संतोषपूर्ण जीवन में निहित है। उन्होंने कहा कि झूठ, छल, कपट और अहंकार से प्राप्त सफलता क्षणिक होती है, जबकि सत्य और ईमानदारी का मार्ग अपनाने वाला व्यक्ति समाज में स्थायी सम्मान प्राप्त करता है। भगवान के दरबार में व्यक्ति की पहचान उसके कर्मों से होती है।



सीवन। श्रद्धालुओं को जीवन मूल्यों का संदेश देते महंत अवध बिहारी दास।

# प्रथम ध्यान कक्ष का भव्य उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

दयोरा में निर्माणाधीन भव्य पिरामिड ध्यान केंद्र के प्रथम ध्यान कक्ष का उद्घाटन अत्यंत श्रद्धा, दिव्यता एवं आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। यह केवल एक कक्ष का उद्घाटन नहीं, बल्कि आंतरिक जागरण, ध्यान, शांति और उच्च चेतना को समर्पित एक पावन आध्यात्मिक यात्रा का शुभारंभ है। इस अवसर पर आयोजित प्रथम सामूहिक ध्यान सत्र में कैथल शहर सहित आसपास के ग्रामीण एवं सीमावर्ती क्षेत्रों से बड़ी संख्या में साधकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पिरामिड ऊर्जा के सान्निध्य में ध्यान करते हुए साधकों ने गहन शांति, सकारात्मक ऊर्जा तथा उच्च चेतना का सजीव अनुभव किया। ध्यान उपरांत साधकों के चेहरों पर झलकता आत्मिक आनंद और संतोष इस बात का साक्षी था कि यह केंद्र आने वाले समय में हजारों लोगों के लिए आत्मिक उन्नति, मानसिक शांति और आंतरिक परिवर्तन का प्रेरणास्रोत बनेगा।



कैथल। सामूहिक ध्यान सत्र लगाते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### इनका रहा सहयोग

इस पावन अभियान को निखिल खुरानिया एवं मीनाक्षी खुरानिया के प्रेरणादायी मार्गदर्शन में आगे बढ़ाया जा रहा है। इस पुण्य कार्य में नारायण पिरामिड ध्यान केंद्र, कैथल के समर्पित साधकों का भी अत्यंत महत्वपूर्ण सहयोग एवं सक्रिय योगदान रहा है।

# आम आदमी पार्टी ही बदलेगी हरियाणा की सूरतः डॉ. गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

आम आदमी पार्टी के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने कैथल में जनसभा को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। कहा कि देश तभी विकसित हो सकता है जब वह शिक्षित, स्वस्थ, नशामुक्त और भयमुक्त होगा। आम आदमी पार्टी का उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि देश और प्रदेश का वास्तविक विकास करना है। *शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में हरियाणा लगातार पिछड़ा* डॉ. गुप्ता ने हरियाणा सरकार की नीतियों की आलोचना करते कहा कि भाजपा सरकार सरकारी स्कूलों को बंद कर रही है और निजीकरण को बढ़ावा दे रही है। कहा कि एक समय था जब दिल्ली शिक्षा में नंबर एक पर थी और आज पंजाब पहले पायदान पर है, जबकि हरियाणा कई पायदान नीचे लुढ़क गया है । भाजपा सरकार की नियत में खोट है इसलिए वे सरकारी स्कूलों और अस्पतालों की सुध नहीं ले रही है।



कैथल। डॉ. सुशील गुप्ता जनसभा को संबोधित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

## विश्व रक्तदाता दिवस पर सैकड़ों लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया




कैथल। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी कैथल द्वारा न्यू रेडक्रॉस भवन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। डीसी एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी कैथल की प्रधान अपराजिता के मार्गदर्शन तथा राज्य रेडक्रॉस शाखा के निर्देशानुसार आयोजित शिविर में प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं सहित सैकड़ों लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ रेडक्रॉस के संस्थापक सर जीन हेनरी ड्यूनांट के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव रामजी लाल का शिविर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सचिव रामजी लाल ने रक्तदाताओं और युवाओं को नियमित रक्तदान करने, नशे से दूर रहने तथा वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने की शपथ दिलाई।

**कार्यक्रम** आरकेएसडी कॉलेज में साहित्य सभा की मासिक काव्य-गोष्ठी

# करा कै ब्याह मेरी एक भी ना चाल्ली...

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

साहित्य सभा कैथल की मासिक समीक्षा गोष्ठी स्थानीय आरकेएसडी कालेज में आयोजित की गई। गोष्ठी की अध्यक्षता दर्शना सचदेवा ने तथा संचालन रिसाल जांगड़ा ने किया। रविंद्र रवि ने बताया कि कार्यक्रम का आगाज़ डा. अशोक कुमार ने यूं किया ' कुत्ते बेहतर समझते हैं, डांट, प्यार और नफरत को। अनिल गर्ग ने अपनी व्यथा को यूं बयां किया -'करा कै ब्याह मेरी एक भी ना चाल्ली। अनिल कौशिक ने कहा -' लिखना तख्ती पर कलम स्याही से। रक्त दान को महादान कहते हुए सुरेश कल्याण ने कहा -' जीवन का यह दान है,सुखद सुधा की धार, रक्त दान से बच रहा, डूबे जो संसार। रवीन्द्र कुमार 'रवि' ने कहा - ' कला आती है मुझको पर कलाकारी नहीं आती,समझ में आ गया मुझको समझदारी नहीं आती। डा. चतरभुज का हरियाणवी अंदाज देखिए -' जोण सी बैयर माणस की ना मान्नै वा दुख पावै। श्याम सुंदर गौड़ ने कहा -' पशु बलि झूठे आडंबरों से बच पाते तो बेहतर था। दिलबाग अकेला ने कहा -' मेरा मेरी छोड़ बावले, प्रेम की चादर ओढ़ बावले। सतपाल पाराशर आनंद ने आज के दौर में बेटी को सीख देते हुए कहा -' उठ जाओ अब जागो बेटी, अपनी निद्रा त्यागो बेटी। ईश्वर गर्ग ने कहा - खामोशी में छुपी हुई है जो बेबस आवाजें सुन। रामफल गौड़ ने कहा - ' मिल गया राह म्हं यार पुराणा, ताज़ा हो गया प्यार पुराणा।' सतबीर जागलान ने कहा - ' बेटी आंगन की सोन चिरैया, ऊंची उड़ान भरने दो। दिनेश बंसल का अंदाज़े बयां देखिए -' रिवायत टूट जाती है, रियासत टूट जाती है।



कैथल। साहित्य सभा द्वारा आयोजित काव्य-गोष्ठी में रचना-पाठ करते एक कवि।

### जीवन भर के संघर्षों का एक सफ़र थे बाबूजी

महेंद्र पाल सारस्वत ने कहा -' भूले अपना देशी संवत, मनाएं सब अंग्रेजी साल। सुरेन्द्र 'कंवल' हरियाणवी ने अपने पिता कंवल हरियाणवी को याद करते हुए कहा -' जीवन भर के संघर्षों का एक सफ़र थे बाबूजी। कर्म चंद केसर ने कहा -' न्यूं तो वा शरमांदा कोनी,दिल की बात बतांदा कोनी। जनगणना बारे संदीप रंगा ने कहा -' घर घर जाकर पूछे जा रहे हैं सवाल घर में प्रकाश का स्रोत क्या है। विनोद पाई ने कहा -' मेरी धड़कनों से पूछो क्या हाल हो रहा है। मिट्ठु राम ने कहा -' बो कर बीज मैं सींचता रहा उसे। नीरू मेहता ने कहा -' ऐ किताबें तेरे हर अक्षर को सलाम। प्रद्युम्न भल्ला का रूहानी रंग देखिए -' भंवर में किनारा हो तुम,मेरा सहारा हो तुम। कमलेश शर्मा ने कहा -' मैंने जिया है वह समय जब आदमी आदमी से जुड़ा था। अमृत लाल मदान ने कहा -' बदरा छाए बदली के संग,बदले रंग।

### आज से घर-घर जाएंगे बीएलओः अपराजिता

**कैथल।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अपराजिता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत 15 जून से बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर एन्यूमरेशन फॉर्म वितरित करेंगे। जिले के सभी पात्र मतदाताओं को निर्धारित एन्यूमरेशन फॉर्म भरकर वापस जमा करवाना अनिवार्य होगा, ताकि मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाया जा सके। डीसी अपराजिता ने बताया कि जिले में वर्तमान में कुल 8 लाख 28 हजार 340 मतदाता पंजीकृत हैं। जिले की चारों विधानसभा क्षेत्र—गुहला, कलायत, कैथल तथा पूंडरी—में कुल 807 मतदान केंद्र स्थापित है।

## खबर संक्षेप

### 29 जून को सभी समाज मनाएंगे कबीर जयंती

**जींद।** जींद-अशरफगढ़ रोड पर निर्माणाधीन संत कबीर छात्रावास में संत शिरोमणि कबीरदास की 629वीं जयंती को कई समाजों द्वारा भव्य तरीके से मनाया जाएगा। शनिवार को जयंती की तैयारियों को लेकर प्रधान सतबीर सिंह लाडवाल ने कहा इस जयंती मुख्यअतिथि को लेकर वे संस्था के कार्यकारिणी के सदस्यों को साथ लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा, कृष्ण पंवार, कृष्ण बेदी से कई बार मिले लेकिन समय नहीं मिला। संस्था की भलाई के लिए, समय और आर्थिक सहयोग के लिए जींद के विधायक एवं डिप्टी स्पीकर से समाज व संस्था के लोग पांच बार मिले लेकिन समय नहीं मिल पाया।

### 16 जून को होगा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत

**जींद।** अग्रवाल समाज की बेटी एवं भारतीय जनता पार्टी हरियाणा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अर्चना गुप्ता के सम्मान में 16 जून को जींद में भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के गणमान्य नागरिक, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा अग्रवाल समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए अग्रोहा धाम जींद के प्रधान अशोक गोयल ने बताया कि अर्चना गुप्ता की प्रदेश अध्यक्ष पद पर नियुक्ति पूरे अग्रवाल समाज के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। उनकी इस उपलब्धि से समाज का मान सम्मान बढ़ा है।

### मजदूर जन संघर्ष मंच की बैठक में मंथन

**नरवाना।** जन संघर्ष मंच हरियाणए जिला जींद का प्रतिनिधि सम्मेलन चमेला कॉलोनी नरवाना में स्थित मजदूर दफ्तर में बुलाया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता जिला जींद कन्वीनर साथी सत्यवीर सिंह ने की। सम्मेलन में मुख्य रूप से प्रांतीय प्रधान फूल सिंह उपस्थित रहे। इस सम्मेलन में 20 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए प्रांतीय प्रधान फूल सिंह ने कहा कि आज देश के मजदूर वर्ग के हालात दिनों-दिन बद से बदतर होते जा रहे हैं। देश में विपक्षी पार्टियां भी फासीवादी निजाम ने ध्वस्त कर दी हैं और मजदूर वर्ग का आन्दोलन ही एकमात्र विकल्प है जो फासीवादी हुकूमत का मुकाबला करते हुए इसे पीछे हटने पर मजबूर कर सकता है।

### शहीद जवानों को समर्पित किया रक्तदान शिविर

**कैथल।** विहिप की युवा इकाई बजरंग दल कैथल द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस पर कैथल के नोबल ब्लड बैंक में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। बजरंग दल के जिला सहसंयोजक आशीष बजरंगी ने बताया कि हमारी टीम द्वारा समय- समय पर आपातकालीन स्थिति में लोगों को रक्त उपलब्ध करवाया जाता है व लोगों को रक्त की कमी न हो इसके लिए रक्तदान शिविर भी लगाए जाते हैं। आज का रक्तदान शिविर गत दिवस डिब्रूगढ़ में शहीद हुए वायु सेवा के जवानों को समर्पित किया गया।

## पुलिस प्रशासन ने व्यवस्था को किया चाक-चौबंद, वालेंटियर्स भी संभालेंगे कमान

# साल की पहली सोमवती अमावस्या आज पिंडारा तीर्थ पर उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

- सोमवती अमावस्या पर मृगशिरा नक्षत्र, सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग बेहद शुभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶|जींद

साल की पहली सोमवती अमावस्या सोमवार को ज्येष्ठ (अधिक मास की अमावस्या पड़ रही है)। सोमवार के दिन अमावस्या होने के कारण इसका महत्व बढ़ गया है। मृगशिरा नक्षत्र, सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग जैसे संयोग इस दिन को अत्यंत विशेष बना रहे हैं। अमावस्या तिथि 14 जून को मध्यरात्रि 12 बजकर 20 मिनट से शुरू होकर 15 जून को सुबह 8 बजकर 24 मिनट तक रहेगी। सोमवती अमावस्या का व्रत और पूजन 15 जून को ही किया जाएगा। इस दिन मृगशिरा नक्षत्र का संयोग बन रहा है, जो शुभ कार्यों के लिए अनुकूल माना जाता है। सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग का भी निर्माण हो रहा है। ये दोनों योग पूजा, पाठ, ध्यान, साधना, दान व पुण्य और धार्मिक कार्यों के लिए शुभ और फलदायी माने जाते हैं।



जींद। पांडू पिंडारा तीर्थ, जहां श्रद्धालु आज स्नान करेंगे। फोटो : हरिभूमि

### वर्ष 2026 की है पहली सोमवती अमवस्या

वर्ष 2026 की पहली सोमवती अमावस्या 15 अप्रैल (सोमवार) को है। ऐसे में पांडू पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर सोमवार को सैंकडों की संख्या में श्रद्धालु सरोवर में स्नान कर तर्पण करेंगे। श्रद्धालुओं की भीड़ की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने भी तैयारियां शुरू कर रखी हैं। स्पेशल पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई हैं। वहीं वालेंटियर व श्रद्धालु व्यवस्था की कमान संभालेंगे। जींद-गोहाना मार्ग पर जाम की स्थिति न रहे, इसके लिए ट्रैफिक पुलिस भी कमान संभाले रहेगी।

### पिंडारा तीर्थ का यह है महत्व

*पिंडतारक तीर्थ के संबंध में किदवंती है कि महाभारत युद्ध के बाद पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पांडवों ने यहां 12 वर्ष तक सोमवती अमावस्या की प्रतीक्षा में तपस्या की। बाद में सोमवती अमावस के आने पर युद्ध में मारे गए परिजनों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया। तभी से यह माना जाता है कि पांडू पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर पिंडदान करने से पूर्वजों को मोक्ष मिल जाता है। महाभारत काल से ही पितृ विसर्जन की अमावस्या, विशेषकर सोमवती अमावस्या पर यहां पिंडदान करने का विशेष महत्व है। यहां पिंडदान करने के लिए विभिन्न प्रांतों के लोग श्रद्धालु आते हैं।*

### यह रहेगी सोमवती अमवस्या की पूजा-विधि



*.जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि सुबह जल्दी उठ कर स्नान करें। इस दिन पवित्र नदी या सरोवर में स्नान करने का विशेष महत्व रहता है। अगर सरोवर या नदी में स्नान नहीं किया जा सकता है तो घर पर ही नहाने के पानी में गंगा जल डाल कर स्नान कर सकते हैं। स्नान करने के पश्चात घर के मंदिर में दीप प्रज्जवलि करें। सूर्य देव को अध्य दें। अगर उपवास रख सकते हैं तो अवश्य रखें। पितरों के निमित्त तर्पण और दान अवश्य करें। अपने ईष्ट देव का अधिक से अधिक ध्यान करें।*

## न्यूज डायरी



### युवाओं के रोल मॉडल बने उचाना विधायक अत्री

**उचाना।** प्रदेश सरकार में उचाना विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री न केवल जनसेवा और विकास कार्यों के लिए चर्चा में रहते हैं बल्कि अपने फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली के लिए भी युवाओं के बीच प्रेरणा स्रोत बन गए हैं। विधायक अत्री अक्सर अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर जिम वर्कआउट और योगा करते हुए फोटो और वीडियो सांझा करते रहते हैं। उनके इन प्रयासों को युवा वर्ग काफी सराहता है और उन्हें अपना आदर्श मानता है। विधायक अत्री का मानना है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है। इसलिए हर व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देनी चाहिए। वे खुद प्रतिदिन सुबह व्यायाम, योग और प्राणायाम करते हैंए जिससे उन्हें मानसिक और शारीरिक ऊर्जा अपने व्यस्त जनप्रतिनिधि कार्यक्रम के बावजूद विधायक अत्री फिटनेस को लेकर गंभीर हैं। उनका कहना है कि फिट रहने से न केवल व्यक्तिगत जीवन बेहतर होता हैए बल्कि समाज और क्षेत्र के विकास के लिए भी अधिक ऊर्जा के साथ काम किया जा सकता हैं।



### राजिंदर सिंह राज सिन्हा ने जीते दो स्वर्ण पदक

**सीवन।** थाईलैंड में 12, 13 और 14 जून को आयोजित अंतरराष्ट्रीय बॉडीबिल्डिंग एवं पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में हरियाणा के कैथल जिले के गांव कवारतन निवासी राजिंदर सिंह राज सिन्हा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए दो स्वर्ण पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में 21 देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया और विभिन्न वर्गों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। राजिंदर सिंह राज सिन्हा ने पावर लिफ्टिंग की मास्टर कैटेगरी में हिस्सा लेते हुए डेडलिफ्ट स्पर्धा में स्वर्ण पदक तथा बेंच प्रेस स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उनके इस शानदार प्रदर्शन से भारतीय दल के साथ-साथ पूरे हरियाणा में खुशी की लहर है। राजिंदर सिंह राज सिन्हा भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दे चुके हैं और सेवानिवृत्ति के बाद भी खेलों के प्रति उनका समर्पण लगातार जारी है। उन्होंने अपनी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का परचम लहराया है। उनकी इस उपलब्धि से युवा खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

# पुलिस ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यातायात के किए व्यापक प्रबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶|जींद

- दो अलग-अलग शिफ्टों में लगभग 200 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लगी ड्यूटी

पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जनहित और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जींद पुलिस द्वारा विशेष अवसर पर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। श्रद्धालुओं एवं आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिले में कुल नौ पुलिस नाके स्थापित किए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए दो अलग-अलग शिफ्टों में लगभग 200 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो चौबीसों घंटे मुस्तैदी के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी हेतु डीएसपी रिषभ सोढ़ी को विशेष रूप से नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए थाना प्रबंधक सिविल लाइन जींद तथा थाना प्रबंधक महिला थाना जींद को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। यातायात को सुचारू एवं व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से प्रबंधक यातायात शाखा को विशेष रूप से तैनात किया गया है ताकि श्रद्धालुओं एवं आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े तथा आवागमन निर्बाध रूप से संचालित हो सके। जींद पुलिस द्वारा सभी ड्यूटी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता, अनुशासन एवं जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही आमजन से भी अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें पुलिस प्रशासन का सहयोग करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। जींद पुलिस नागरिकों की सुरक्षाए शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने हेतु निरंतर कार्य कर रही है।

### रक्त का कोई विकल्प नहीं, रक्तदान से बचती हैं अनमोल जिंदगियां : कर्मवीर सैनी



**जींद।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर सफीदों स्थित मां भागो देवी धर्मार्थ अस्पताल में सामाजिक संस्था जेसीआई द ग्रेट के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एम्स बाढसा, झज्जर की विशेषज्ञ टीम ने रक्त संग्रहण का कार्य किया। जिसमें 52 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में हरियाणा राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी शामिल हुए। उन्होंने रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया और समाज में रक्तदान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। अपने संबोधन में कर्मवीर सैनी ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा और सबसे श्रेष्ठ दान है। क्योंकि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प आज तक उपलब्ध नहीं है। किसी दुर्घटनाए गंभीर बीमारी, ऑपरेशन अथवा आपातकालीन स्थिति में रक्त की आवश्यकता पडऩे पर केवल एक रक्तदाता ही किसी व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है। कर्मवीर सैनी ने विशेष रूप से युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि युवा शक्ति यदि सामाजिक सरोकारों से जुड़ जाए तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना आसान हो जाता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से जरूरतमंदों को जीवन मिलता है।



### राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में हासिल किया प्रथम स्थान

**सीवन।** हरियाणा के विभिन्न जिलों में सांसी समाज द्वारा समय-समय पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है, जिनका उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखना है। इसी कड़ी में खानपुर स्टेडियम में समाज की ओर से भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में हरियाणा के विभिन्न जिलों से आई सांसी समाज की कुल 31 टीमों ने भाग लेकर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। सभी टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए खिताब जीतने के लिए कड़ा संघर्ष किया। कई रोमांचक मुकाबलों के बाद नगर सीवन की सिसोदिया क्रिकेट क्लब ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए बांसा जिला करनाल को हरा कर प्रथम स्थान हासिल कर नगर सीवन का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेता खिलाड़ियों का समाज के गणमान्य लोगों तथा खेल प्रेमियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

### जनगणना फॉर्म में ओबीसी को नजरअंदाज करना पिछड़ा वर्ग के साथ धोखाः सोनू वर्मा



**राजौंद।** इंडियन नेशनल लोकदल के ओबीसी मोर्चा के जिला प्रधान सोनू वर्मा ने केंद्र सरकार द्वारा हरियाणा में जारी जनगणना अधिसूचना पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा सरकार पर पिछड़ा वर्ग की अनदेखी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जनगणना फॉर्म के पॉइंट नंबर 12 में अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) का स्पष्ट उल्लेख किया गया है, लेकिन पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। सोनू वर्मा ने कहा कि यह कोई सामान्य चूक नहीं, बल्कि पिछड़ा वर्ग के साथ सोची-समझी साजिश प्रतीत होती है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या भाजपा सरकार पिछड़े वर्ग को महत्व नहीं देना चाहती और क्या उनकी गिनती छिपाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की यह नीति पिछड़ा विरोधी मानसिकता को दर्शाती है और इससे लाखों परिवारों के अधिकारों पर असर पड़ सकता है। इनेलो ओबीसी मोर्चा की ओर से मांग की गई है कि जनगणना फॉर्म में तुरंत संशोधन करते हुए ओबीसी वर्ग को भी स्पष्ट रूप से शामिल किया जाए, ताकि उनकी सही गणना सुनिश्चित हो सके। सोनू वर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने इस मुद्दे पर जल्द निर्णय नहीं लिया तो पूरे प्रदेश में आंदोलन शुरू किया जाएगा और पिछड़ा वर्ग अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करेगा।

# सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना : कृष्ण बेदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|जींद

केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने रविवार को नरवाना स्थित वाल्मीकि भवन परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने हुए केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों के दौरान भारत ने विकास, सुशासन, राष्ट्रीय सुरक्षा, आधारभूत संरचना, डिजिटल क्रांति, सामाजिक कल्याण तथा वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में अपनी मजबूत पहचान बना चुका है और विश्व मंच पर उसकी प्रतिष्ठा लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने



गरीब, किसान, मजदूर, युवा, महिला एवं वंचित वर्गों के उत्थान के लिए अनेक ऐतिहासिक योजनाएं लागू की हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जनधन योजना, किसान सम्मान निधि तथा डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया है।

### जीवों के लिए जल से कम नहीं पेड़ों का महत्व : पूजा

**जींद।** महिला थाना में पौधारोपण अभियान के तहत पौधारोपण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत महिला थाना प्रभारी पूजा, सहायक बाल विवाह निषेध अधिकारी रवि लोहान सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने महिला थाना परिसर में पौधारोपण किया और पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया। महिला थाना प्रभारी पूजा ने कहा कि हमारी प्रकृति की सुंदरता पेड़-पौधों पर निर्भर है। मनुष्य के जीवन में पेड़ों का महत्व जल बिन मछली जैसा है। पेड़ों से हमें छाया, मीठे फल, औषधि, लकड़ियां प्राप्त होती है। पेड़-पौधे हमें प्राकृतिक आपदाओं से बचाओं से बचाते हैं। मनुष्य कार्बन-डाइ-ऑक्साइड छोड़ते है, जो पौधे सोख लेते है। जितने अधिक पेड़-पौधे होंगे उतना वातावरण में ऑक्सीजन का निवास होगा। हमारी आने वाली पीढ़ियों को सुखी व समृद्ध बनाने के लिए वन और पेड़ों जैसे प्राकृतिक संसाधनों की अहमियत को समझना होगा। सहायक बाल विवाह निषेध अधिकारी रवि लोहान ने कहा कि पौधा लगाने से काम समाप्त नहीं हो जाता है। जब तक पौधा पेड़ का रूप नहीं ले लेता, तब तक उसकी देखभाल जरूरी है। पौधा रोपण करके ही पर्यावरण को शुद्ध बनाया जा सकता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को चाहिए कि वह पौधा रोपण करके पर्यावरण को शुद्ध बनाने में योगदान दे।







### चिंतन शिविर में समाजिक बुराइयों पर चर्चाः रणधीर

**उचाना।** अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरूक्षेत्र में आयोजित चिंतन शिविर में सर्व जातीय दाडन खाप चबूतरा पालवां प्रधान रणधीर श्योकंद ने हिस्सा लिया। रणधीर श्योकंद ने बताया कि इस शिविर में उत्तर भारत की विभिन्न खापों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। शिविर में समाज के समक्ष खड़ी गंभीर चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की। विशेष रूप से एक ही गांव एवं एक ही गोत्र में विवाह, समाज में बढ़ता विभाजन, नशे की बढ़ती प्रवृत्ति तथा युवाओं में फैल रही अन्य सामाजिक बुराइयों पर गहन चिंतन व मंथन हुआ। वक्ताओं ने सामाजिक एकता, सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षाए युवाओं को नशामुक्त बनाने तथा समाज में भाईचारे को मजबूत करने का संकल्प लिया। ऐसे चिंतन शिविर समाज को सही दिशा देने और आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### गुलियाणा गांव में पानी की किल्लत दूर

**राजौंद।** गांव गुलियाणा में पानी की किल्लत संबंधी समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के बाद जन स्वास्थ्य विभाग तुरंत हरकत में आ गया। विभाग के एसडीओ कर्मवीर सिंह ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिन घरों में पानी नहीं पहुंच रहा था, वहां उन्होंने स्वयं जाकर ग्रामीणों से बातचीत की और समस्या का समाधान कराया। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में वाल लगाकर पानी की सप्लाई सुचारू कर दी गई, जिससे अब सभी घरों में पानी पहुंच रहा है।एसडीओ कर्मवीर सिंह ने कहा कि किसी भी ग्रामीण को पानी की समस्या नहीं आने दी जाएगी। जन स्वास्थ्य विभाग हर समय जनता की सेवा के लिए तत्पर है। उन्होंने बताया कि जहां-जहां पानी की दिक्कत थी, सरपंच सुखदेव को साथ लेकर वहां मौके पर ही समाधान करते हुए पानी की सप्लाई शुरू कर दी गई है।

**समीक्षा बैठक** गांव से लेकर शहर की हर गली तक जानकारी पहुंचाने पर जोर

# एसआईआर 2026 को लेकर उपायुक्त ने आमजन को अधिक से अधिक जागरूक करने के दिए निर्देश

- डीसी ने कहा, भीड़भाड़ वाले स्थानों, पार्कों, बाजारों में करें एसआईआर का प्रचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|जींद

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डा. वैशाली शर्मा ने रविवार को लघु सचिवालय में एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) 2026 को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के बारे में आमजन को अधिक से अधिक जागरूक किया जाए। उपायुक्त ने कहा कि इस अभियान की जानकारी गांव-गांव और शहर के हर वार्ड तक पहुंचनी चाहिए। इसके



जींद। वीसी में भाग लेते हुए डीसी डा. वैशाली व अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

लिए अधिक भीड़भाड़ वाले स्थानों, पार्कों, बाजारों आदि में प्रचार किया जाए। गैर सरकारी संस्थाओं (एनजीओ), आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, रेडक्रॉस स्वयंसेवकों तथा अन्य सामाजिक संगठनों के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि पोस्टर, बैनर, पंपलेट, नुक्कड़ नाटक तथा स्कूलों में पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिताओं के माध्यम से भी मतदाताओं को एसआईआर अभियान की जानकारी दी जाए। सभी अधिकारी इस कार्य में सक्रिय भूमिका निभाएं ताकि कोई भी पात्र मतदाता छूटने न पाए। इससे पहले हरियाणा क मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक की थी। बैठक में एसआईआर 2026 की तैयारियों और प्रगति की समीक्षा की गई। उपायुक्त नें बताया कि अधिकांश गणना प्रपत्र बीएलओ को वितरित किए जा चुके हैं तथा सभी बीएलओ को बैग, कैप, स्टेशनरी और पहचान पत्र भी उपलब्ध करा दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला और विधानसभा स्तर पर हेल्प डेस्क स्थापित किए जा चुके हैं। बीएलओ का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है तथा मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप योजना भी तैयार कर ली गई है।

### समय पर जमा करें गणना प्रपत्र

उपायुक्त ने नागरिकों से अपील की कि बीएलओ द्वारा दिए जाने वाले गणना प्रपत्र को सही जानकारी के साथ भरकर समय पर जमा करें ताकि मतदाता सूची को शुद्धए अद्यतन और त्रुटिरहित बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि एसआईआर कार्यक्रम के तहत 15 जून से 14 जुलाई 2026 तक गणना प्रपत्र भरे जाएंगे। प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन 21 जुलाई को किया जाएगा। जबकि दावे एवं आपत्तियां 21 जुलाई से 20 अगस्त तक प्राप्त की जाएंगी। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 22 सितंबर 2026 को किया जाएगा। नागरिक किसी भी जानकारी या सहायता के लिए अपने बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं। बैठक में एसडीएम जींद सत्यवान मान, एसडीएम सफीदों पुलकित मल्होत्रा, एसडीएम नरवाना जगदीश चंद्र, एसडीएम जुलाना होशियार सिंह, एसडीएम उचाना रमित, सीटीएम मोनिका सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।